



### एक नजर में

## समर्थन मूल्य पर वादाखिलाफी के खिलाफ किसान कलेक्टोरेट पर आज देंगे धरना

**खंडवा।** गेहूं खरीदी की तारीखों और समर्थन मूल्य को लेकर किसानों में पनप रहे आक्रोश के बीच आज संयुक्त कृषक संगठन के नेतृत्व में जिला कलेक्टर कार्यालय पर एक दिवसीय विशाल धरना आंदोलन आयोजित किया जा रहा है। संगठन के जिला मीडिया प्रभारी रविंद्र पाटीदार ने बताया कि राज्य सरकार ने वर्ष 2026 के लिए गेहूं का समर्थन मूल्य 2700 रुपये प्रति क्विंटल घोषित किया था, किंतु वर्तमान में इसे 2625 रुपये प्रति क्विंटल की दर से खरीदकर किसानों के साथ वादाखिलाफी की जा रही है। किसानों की मुख्य मांग है कि गेहूं की खरीदी तत्काल 2700 रुपये प्रति क्विंटल के मान से सुनिश्चित की जाए। इसके साथ ही, तकनीकी खामियों और सर्वर की धीमी गति के कारण बड़ी संख्या में किसान अपना पंजीयन कराने से वंचित रह गए हैं, जिसे देखते हुए संगठन ने गेहूं पंजीयन की तिथि को 20 मार्च तक बढ़ाने की मांग भी प्रमुखता से उठाई है। किसानों के समक्ष एक बड़ी समस्या ऋण अदायगी को लेकर भी खड़ी हो गई है। संगठन का कहना है कि सरकार समर्थन मूल्य पर खरीदी 1 अप्रैल से शुरू करने जा रही है, ऐसी स्थिति में किसान 28 मार्च तक सेवा सहकारी समितियों में अपना ऋण कैसे जमा कर पाएंगे। इस विसंगति को दूर करने के लिए ऋण वसूली की अंतिम तिथि को बढ़ाकर 30 मई किया जाना अत्यंत आवश्यक है। इसके अतिरिक्त, जो किसान अपनी उपज सीधे मंडी में विक्रय कर रहे हैं, उन्हें भी मंडी भाव और समर्थन मूल्य के बीच की अंतर राशि (बोनस) का भुगतान सरकार द्वारा किया जाना चाहिए।

## चना और मसूर उपार्जन के लिए पंजीयन की अंतिम तिथि आज

**खंडवा।** म.प्र. शासन, किसान कल्याण तथा कृषि विकास विभाग के निर्देशानुसार ई-उपार्जन पोर्टल पर 20 फरवरी से 16 मार्च तक चना एवं मसूर के पंजीयन किये जा रहे हैं। उप संचालक कृषि नितेश यादव ने बताया कि जिले में खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग द्वारा रबी विपणन 2026-27 में समर्थन मूल्य पर गेहूं उपार्जन हेतु स्थापित पंजीयन केंद्रों पर ही चना, मसूर एवं सरसों फसल के पंजीयन किये जायेंगे। उन्होने किसान भाइयों से अनुरोध किया है कि चना एवं मसूर फसल के उपार्जन के लिये निर्धारित समयावधि 16 मार्च तक तथा सरसों फसल के लिए 20 मार्च तक अपना पंजीयन अवश्य करा लें।

## दो दिवसीय मिलेट्स मेला और कृषक सम्मेलन आज से

**खंडवा।** कृषक कल्याण वर्ष के उपलक्ष्य में राज्य मिलेट मिशन एवं तिलहन मिशन अंतर्गत दो दिवसीय मिलेट्स मेला एवं कृषक सम्मेलन 16 व 17 मार्च 2026 को आयोजित किया गया हे। उप संचालक कृषि श्री नितेश यादव ने बताया कि यह कार्यक्रम नई कृषि उपज मण्डी परिसर खण्डवा में प्रात: 11 बजे से आयोजित किया जाएगा।

# शॉर्टसर्किट से 100 एकड़ गेहूं की फसल खाक

### किसान कांग्रेस ने दी उग्र आंदोलन की चेतावनी

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** क्षेत्र के अन्नदाताओं पर बिजली विभाग की अनदेखी काल बनकर टूटी है। पिछले आठ दिनों से मूंदी और आसपास के विधानसभा क्षेत्रों के कई गांवों में आगजनी की भीषण घटनाएं सामने आई हैं, जिसने किसानों की चार महीने की हाड़-तोड़ मेहनत को पल भर में राख के ढेर में तब्दील कर दिया।

खेतों के ऊपर से गुजर रहे बिजली के झूलते जर्जर तार, क्षतिग्रस्त खंभे और शॉर्ट सर्किट जैसे कारणों से करीब 100 एकड़ से अधिक क्षेत्र में खड़ी गेहूं की फसल जलकर पूरी तरह नष्ट हो गई है। इस भारी आर्थिक नुकसान ने किसानों की कमर तोड़ दी है।

किसान कांग्रेस के महासचिव गजेंद्र सिंह सोलंकी ने प्रभावित गांवों का सघन दौरा कर जमीनी हकीकत का जायजा लिया। उन्होंने सुलगांव में किसान रामलाल गुर्जर, खेगांव में आशाराम पवार, भोगाबा में निर्भय सिंह, विक्रम सिंह एवं हरे सिंह और करौली में मुरली सहित दिनकरपुरा के किसानों के खेतों में पहुंचकर जली हुई फसल का मुआयना किया। इस दौरान किसानों ने अपना दर्द साझा करते हुए बताया कि बिजली विभाग को



बार-बार जर्जर तारों और क्षतिग्रस्त खंभों की सूचना दी गई थी, लेकिन समय रहते सुधार कार्य नहीं किया गया। किसानों का स्पष्ट आरोप है कि यदि विभाग अपनी जिम्मेदारी निभाता तो इस तबाही को रोका जा सकता था।

दौरे के दौरान ही महासचिव गजेंद्र सिंह सोलंकी ने मोबाइल के माध्यम से बिजली और राजस्व विभाग के उच्चाधिकारियों से तीखी चर्चा की। उन्होंने शासन और प्रशासन से पुरजोर मांग की है कि प्रभावित किसानों के खेतों का तत्काल सर्वे कराया जाए और उन्हें उचित मुआवजा प्रदान किया जाए। साथ ही, उन्होंने बिजली विभाग की इस घोर लापरवाही की निष्पक्ष जांच कर दोषी अधिकारियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग भी रखी है। सोलंकी ने अल्टीमेटम देते हुए कहा कि यदि किसानों को समय पर न्याय और राहत राशि नहीं मिली, तो किसान कांग्रेस चुप नहीं बैठेगी। उन्होंने चेतावनी दी है कि किसानों के हक के लिए रोड रोको, चक्काजाम और तहसील समेत विद्युत विभाग के कार्यालयों का घेराव किया जाएगा। उन्होंने स्पष्ट किया कि क्षेत्र में उपजने वाली किसी भी अशांति की पूरी जिम्मेदारी शासन और संबंधित विभागों की होगी।

# हाईप्रोफाइल जुआ खेल रहे 10 पकड़ाए

### खालवा पुलिस ने योजनाबद्ध तरीके से दी दबिश

नवभारत न्यूज

**खंडवा।** जिले में अपराधियों और जुआरियों के विरुद्ध पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार राय द्वारा चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत खालवा पुलिस ने सफलता हासिल की है।

पुलिस ने जामधड़-दगड़कोट के बीच सड़क किनारे चल रहे एक हाईप्रोफाइल जुआ फड़ पर दबिश देकर 10 आरोपियों के विरुद्ध कार्रवाई की है। इस कार्रवाई में पुलिस ने मौके से करीब 86,470 रुपये नकद और 7 कीमती मोबाइल फोन जब्त किए हैं, जिनकी कुल कीमत 1 लाख 71 हजार 470 रुपये बताई जा रही है।

**मुखबिर की सटीक सूचना पर घेराबंदी :** जानकारी के अनुसार, थाना प्रभारी खालवा जगदीश सिंदिया को मुखबिर से सूचना मिली थी कि जामधड़-दगड़कोट के बीच रोड किनारे ताश के पत्तों पर हार-जीत का बड़ा दांव लगाया जा रहा है। सूचना मिलते ही एसडीओपी हरसूद लोकेन्द्र सिंह ठाकुर के मार्गदर्शन में पुलिस टीम ने योजनाबद्ध तरीके से घेराबंदी कर दबिश दी। पुलिस को देखते ही मौके पर भगदड़ मच गई, लेकिन टीम ने मुस्तैदी दिखाते हुए अमित पटेल, दीपक प्रजापति, जाहिद, विजय नायडे, ओम नारायण, अखलेश और लखन यादव को धर दबोचा। पकड़े गए आरोपियों ने पूछताछ में खुलासा किया कि उन्हें जुआ खिलाने के लिए दुर्गेश अहिरवार



(फेफरी कला), लक्ष्मीनारायण मीणा (झागरिया) और एजाज उर्फ दिलजले (खालवा) लेकर आए थे। यह तीनों मुख्य आरोपी पुलिस को आता देख मौके से फरार होने में कामयाब रहे। पुलिस ने सभी के विरुद्ध थाना खालवा में अपराध क्रमांक 77/26 के तहत जुआ एक्ट एवं बीएनएस की धाराओं में मामला दर्ज किया है। गिरफ्तार किए गए सभी आरोपियों के विरुद्ध प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करते हुए रविवार को खालवा कार्यपालिक दण्डाधिकारी के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उन्हें जिला जेल खंडवा भेज दिया गया है। पुलिस अब फरार तीनों आरोपियों की सरगर्मी से तलाश कर रही है।

## भगवान झूलेलाल जन्मोत्सव की तैयारियां पूर्ण

**खंडवा।** सिंधी समाज के आराध्य देव भगवान झूलेलाल साईं के अवतरण दिवस 'चेट्रीचंड्र' को लेकर समूचे खंडवा शहर में हर्षोल्लास का वातावरण है। विशेष रूप से पदम नगर क्षेत्र में सिंधी समाज के विभिन्न संगठनों द्वारा इस महापर्व को यादगार बनाने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं।

समाजसेवी कमल नागपाल ने बताया कि इस पावन अवसर पर सिंधी कॉलोनी स्थित मंदिर के साथ-साथ पदम नगर के श्री झूलेलाल मंदिर में भी विशिष्ट धार्मिक अनुष्ठानों की श्रृंखला आयोजित की जाएगी। मंदिर समिति के अध्यक्ष भीमनदास जीवनानी के अनुसार आगामी 20 मार्च, शुक्रवार को उत्सव का विधिवत शुभारंभ सुबह 8 बजे भगवान झूलेलाल की भव्य महाआरती और मंदिर परिसर में होने वाले भक्तिमय भजन-कीर्तनों से होगा। भक्ति के इस उल्लास को जन-जन तक पहुँचाने के लिए सुबह 9 बजे पदम नगर से एक विशाल वाहन रैली निकाली जाएगी, जो शहर के विभिन्न मुख्य मार्गों का भ्रमण करते हुए पुन: मंदिर परिसर पर संपन्न होगी। इसके पश्चात धार्मिक विधि-विधान का क्रम जारी रहेगा, जिसमें दोपहर 4 बजे श्री बहराणा साहब की विशेष पूजा-अर्चना की जाएगी। शाम 6 बजे लाल साईं के बहराणा साहब की भव्य शोभायात्रा गाजे-बाजे के साथ पदम नगर के प्रमुख मार्गों से निकाली जाएगी, समापन स्थानीय कुएं पर विसर्जन के साथ होगा। रात 9 बजे से अटूट लंगर प्रारंभ होगा। इस गरिमामय आयोजन को लेकर श्री पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष जयकिशन तीर्थानी, पार्षद मालादेवी खटवानी सहित पंचायत के समस्त पदाधिकारियों और मंदिर समिति के सदस्यों ने धर्मप्रेमी जनता से अधिक से अधिक संख्या में सम्मिलित होकर आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

# विधायक पटेल ने किया करोड़ों के विकास कार्यों का भूमिपूजन

नवभारत न्यूज

**मूंदी।** नगर और क्षेत्र के विकास की दिशा में एक बड़ा कदम उठाते हुए मांधाता विधायक नारायण पटेल ने मूंदी और ग्राम मोहद में कुल 2.49 करोड़ रुपये की लागत वाले सड़क निर्माण कार्यों का भूमि पूजन किया। बरसों पुरानी मांग पूरी होने पर स्थानीय नागरिकों और जनप्रतिनिधियों ने हर्ष व्यक्त करते हुए विधायक का आभार माना।

मूंदी नगर के घोड़ाघाट से लेकर पुरनी चौराहे तक के महत्वपूर्ण मार्ग के लिए 1.70 करोड़ रुपये की स्वीकृति मिली है। लगभग 1.31 किलोमीटर लंबे



इस मार्ग का निर्माण डामर और सीमेंट कांक्रीट के मिश्रण से किया जाएगा ताकि इसकी मजबूती बनी रहे।

सांसद प्रतिनिधि चंद्र मोहन राठौर ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि यह मार्ग विकास की दृष्टि से मील का पत्थर साबित होगा। इस सड़क के बन जाने से नवनिर्मित तहसील भवन के सामने से लेकर पुरनी चौराहे तक का आवागमन सुगम हो जाएगा, जिससे क्षेत्रवासियों को बड़ी राहत मिलेगी।

### ग्राम मोहद में भी विकास की बयार

कार्यक्रम के दौरान ग्राम मोहद में भी 78 लाख रुपये की लागत से बनने वाले मार्ग का भूमि पूजन संपन्न हुआ। हनुमान मंदिर के सामने स्थित मूंदी-बीड़ मार्ग का कुछ हिस्सा तकनीकी कारणों से पुनर्निर्माण से वंचित रह गया था, जिसे अब शासन द्वारा स्वीकृत कर कार्य प्रारंभ कर दिया गया है। विधायक नारायण पटेल ने इन सौगातों के लिए मध्य प्रदेश शासन का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया। विधायक नारायण पटेल के साथ नगर परिषद अध्यक्ष ज्योति बाला राठौर, उपाध्यक्ष राजनारायण मंडलोई, पार्षद प्रतिनिधि धर्मेश राठौर, दिनेश मालवीय, दिनेश चौधरी, सखाराम निमोले, धर्मेंद्र राठौर और हीरालाल निहाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अशोक पटेल और प्रीतम पटेल सीवर भी इस अवसर पर मौजूद थे।

## महापौर ट्रॉफी में आरसीसी और एमपीसीए की धमाकेदार जीत



नवभारत न्यूज

**खंडवा।** सूरजकुंड स्थित जिमखाना क्रिकेट मैदान पर पहली बार आयोजित महापौर ट्रॉफी टी-20 क्रिकेट प्रतियोगिता में रोमांच चरम पर है। दूधिया रोशनी के बीच खेले जा रहे इन रात्रिकालीन मुकाबलों ने खेल प्रेमियों को उत्साह से भर दिया है। शनिवार रात्रि खेले गए पहले मुकाबले में आरसीसी ने डीसीसी को 9 विकेट से करारी शिकस्त देकर टूर्नामेंट का विजयी आगाज किया।

पहले बल्लेबाजी करते हुए डीसीसी की टीम मात्र 60 रनों पर सिमट गई। आरसीसी के मनीष कप्तान ने घातक गेंदबाजी करते हुए 3 विकेट चटकाए। जवाब में उतरी आरसीसी ने मनीष कप्तान की नाबाद 35 रनों की आक्रामक पारी की बदौलत मात्र 8 ओवरों में ही लक्ष्य हासिल कर लिया। ऑलराउंड प्रदर्शन के लिए मनीष कप्तान को 'मैन ऑफ द मैच' चुना गया।

प्रतियोगिता का दूसरा मुकाबला एमपीसीए और लायंस टीम के बीच हुआ। पहले बल्लेबाजी करते हुए लायंस टीम ने 20 ओवर में 139 रन बनाए, जिसमें पूनम चौहान और सुमित सिंह चौहान की सटीक गेंदबाजी का अहम योगदान रहा। लक्ष्य का पीछा करने उतरी एमपीसीए की टीम ने शैलेंद्र सिंह चौहान के शानदार नाबाद अर्धशतक (50 रन) और पूनम चौहान के 32 रनों की मदद से 17वें ओवर में ही जीत दर्ज कर ली। शैलेंद्र सिंह चौहान को उनके बेहतरीन प्रदर्शन के लिए 'मैन ऑफ द मैच' से नवाजा गया।

इस अवसर पर भाजपा जिला संगठन प्रभारी अंबाराम कराड़ा, जिलाध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर सहित कई गणमान्य नागरिकों और बड़ी संख्या में खेल प्रेमियों ने उपस्थित होकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। आयोजन समिति के विक्की भावरे और प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि यह आयोजन शहर में खेल प्रतिभाओं को नया मंच प्रदान कर रहा है।



## विश्व उपभोक्ता दिवस पर दी अधिकारों के बारे में जानकारी

**खंडवा।** विश्व उपभोक्ता अधिकार दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष 15 मार्च को किया जाता है। इसी क्रम में रविवार को जिला सहकारी केंद्रीय बैंक मर्यादित खंडवा के सभाकक्ष में उपभोक्ता अधिकार दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में जिला आपूर्ति अधिकारी एवं डिप्टी कलेक्टर दिनेश सावले, जिला विधिक सहायता अधिकारी दिलावर सिंह के अलावा दूरसंचार विभाग की अनुविभागीय अधिकारी भक्ति सोनी, पश्चिम क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी के सहायक यंत्री, खाद्य सुरक्षा अधिकारी राधेश्याम गोले, नापतौल विभाग के निरीक्षक आरपी गजभिए और उपभोक्ता उत्थान संगठन के मुकेश गौर ने कार्यक्रम में उपभोक्ताओं को उनके अधिकारों के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी सुनील नागराज ने किया एवं कार्यक्रम के अंत में आभार प्रदर्शन सहायक आपूर्ति अधिकारी अमित चौहान ने किया।

# ओंकारेश्वर में गैस की आपूर्ति को लेकर उपभोक्ता परेशान

### गणगौर पर्व के बीच बढ़ी चिंता

**ओंकारेश्वर।** तीर्थ नगरी ओंकारेश्वर में इन दिनों एलपीजी गैस सिलेंडर की अनियमित आपूर्ति के कारण उपभोक्ताओं को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। गैस एजेंसी की गाड़ी जैसे ही नगर में पहुंचती है, बड़ी संख्या में उपभोक्ता सिलेंडर लेने के लिए वाहन के चारों ओर इकट्ठा हो जाते हैं। कई उपभोक्ताओं को ओटीपी के माध्यम से नंबर लगाने की प्रक्रिया की जानकारी नहीं होने के कारण उन्हें और अधिक दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

देखा जा रहा है कि जल्दबाजी में कुछ लोग दूसरी कंपनी के खाली सिलेंडर लेकर भी पहुंच जाते हैं, जिससे अव्यवस्था की स्थिति बन रही है। वहीं कई उपभोक्ताओं का कहना है कि गैस सिलेंडर की सप्लाई तीन से चार दिन के अंतराल से हो रही है, जिसके कारण घरेलू कामकाज और व्यवसाय दोनों प्रभावित हो रहे हैं।

सूत्रों के अनुसार पहले गैस एजेंसी की गाड़ियां इंदौर से सिलेंडर भरकर आती थीं, लेकिन वर्तमान में भोपाल से सिलेंडर भरकर आने के कारण आपूर्ति में अधिक समय लग रहा है। इसी बीच निमाड़ क्षेत्र का प्रमुख धार्मिक पर्व गणगौर भी प्रारंभ हो चुका है, जिसमें विभिन्न धार्मिक आयोजन और कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। ऐसे में कई होटल, भोजनालय और छोटे व्यवसायों को गैस की कमी के कारण अपना कार्य सीमित करना



पड़ रहा है।

हालांकि प्रशासनिक स्तर पर बताया जा रहा है कि सभी एजेंसियों के पास पर्याप्त गैस सिलेंडर का स्टॉक उपलब्ध है, लेकिन जमीनी स्तर पर स्थिति अलग नजर आ रही है और उपभोक्ताओं को सिलेंडर प्राप्त करने में परेशानी हो रही है।

स्थानीय लोगों का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चल रहे ईरान-इज़राइल तनाव के कारण भी ईंधन आपूर्ति और परिवहन पर असर पड़ रहा है, जिसका प्रभाव स्थानीय स्तर पर देखने को मिल रहा है। ऐसे में गैस की उपलब्धता को लेकर आम नागरिकों, व्यापारियों तथा स्थानीय प्रतिनिधियों में चिंता का माहौल बना हुआ है। नागरिकों ने प्रशासन से मांग की है कि गैस की नियमित आपूर्ति सुनिश्चित की जाए, ताकि आम जनता और व्यवसायों को हो रही परेशानी से राहत मिल सके।

## उपभोक्ता डिजिटल माध्यमों का करें उपयोग

**खंडवा।** पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय, भारत सरकार ने नागरिकों से अपील की है कि वे एलपीजी सिलेंडर की पैनिक बुकिंग (घबराहट में बुकिंग) न करें। विभाग ने स्पष्ट किया है कि देश और प्रदेश में घरेलू गैस का पर्याप्त भंडार उपलब्ध है, इसलिए उपभोक्ता अनावश्यक चिंता न करें।

**डिजिटल बुकिंग को दें प्राथमिकता :** प्रशासन ने उपभोक्ताओं को सलाह दी है कि वे गैस एजेंसी पर व्यक्तिगत रूप से जाने के बजाय डिजिटल माध्यमों का उपयोग करें। ऑयल कंपनियों द्वारा मोबाइल ऐप, एसएमएस, व्हाट्सएप और आईवीआरएस कॉल की सुविधा प्रदान की गई है। इसके साथ ही, घरेलू उपभोक्ताओं से अनुरोध किया गया है कि वे अपनी पिछली रिफिल के कम से कम 25 दिन बाद ही अगली बुकिंग कराएं, ताकि वितरण व्यवस्था सुचारू बनी रहे। तेल कंपनियों के स्टेट नोडल ऑफिसर श्री अजय श्रीवास्तव ने जानकारी दी कि मध्य प्रदेश के सभी 11 बॉटलिंग प्लांट और वितरकों के गोदामों में गैस सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक मौजूद है। राष्ट्रीय स्तर पर घरेलू गैस उत्पादन में 31 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई है। आपूर्ति श्रृंखला को और मजबूत करने के लिए 'स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' से एलपीजी के दो बड़े जहाज भारत के लिए रवाना हो चुके हैं, जो 16-17 मार्च तक गुजरात के कांडला और मुंबई के मुंद्रा पोर्ट पर पहुंच जाएंगे।

### समस्या होने पर यहां करें संपर्क

गैस बुकिंग या वितरण से संबंधित किसी भी शिकायत के लिए उपभोक्ता निम्नलिखित टोल-फ्री नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं:

- भारत गैस हेल्पलाइन: 1800-22-4344
- इंडेन गैस कस्टमर केयर: 1800-2333-555
- एचपी गैस कस्टमर केयर: 1800-2333-555

## सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने आजीवन सहयोग निधि में दिए 51 हजार रुपये

**खंडवा।** भाजपा की संगठनात्मक गतिविधियों को सुचारु रूप से संचालित करने के उद्देश्य से चलाए जा रहे आजीवन सहयोग निधि अभियान के तहत कार्यकर्ताओं द्वारा स्वैच्छिक दान दिया जा रहा है। इस अभियान में पारदर्शिता बनाए रखते हुए कार्यकर्ता डिजिटल माध्यम और चेक के जरिए राशि प्रदान कर रहे हैं। भाजपा प्रवक्ता सुनील जैन ने बताया कि शनिवार को खंडवा प्रवास के दौरान सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल ने आजीवन सहयोग निधि के लिए 51 हजार रुपये का चेक जिला अध्यक्ष राजपाल सिंह तोमर और जिला प्रभारी सुभाष कोठारी को सौंपा। उन्होंने बताया कि यह निधि पूरी तरह स्वैच्छिक दान पर आधारित है, जिसका उपयोग पार्टी के दैनिक कार्यों और संगठनात्मक गतिविधियों के संचालन में किया जाता है। अभियान का मुख्य उद्देश्य राजनीति में पारदर्शिता और सुचिता को बढ़ावा देना है। कार्यकर्ता और समर्थक अपनी इच्छा से डिजिटल या चेक के माध्यम से निधि में राशि जमा कर सकते हैं और उन्हें इसकी विधिवत रसीद भी प्रदान की जाती है। आमतौर पर यह जन सहयोग अभियान पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि से प्रारंभ किया जाता है। खंडवा जिले में इस अभियान के लिए पूर्व महापौर सुभाष कोठारी को प्रभारी बनाया गया है।